**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 2 अप्रैल 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार**

**1.** केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनज़र 30 जून तक महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क में छूट दी।

2. विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने आज लोकसभा में स्पष्ट किया कि सभी उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर का विकल्प चुनना अनिवार्य नहीं हैं।

3. करनाल के लिए आगामी चार वर्षों के लिए **महा विकास योजना** प्रस्तुत की गई।

4. विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिढ़ा ने जींद में 5 अप्रैल को होने वाली मुख्यमंत्री की विकास रैली की तैयारियों का जायजा लिया। रैली में मुख्यमंत्री कई विकास परियोजनाएं लोकार्पित करेंगे।

5. चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग ने कल और परसों हरियाणा में बारिश की संभावना जताई।

**************************************************************************

केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके कारण दुनियाभर में कच्चे तेल की आपूर्ति में आई बाधाओं के बीच 30 जून तक महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क में छूट दी है। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि यह उपाय घरेलू उद्योगों में आवश्यक पेट्रोकेमिकल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए अस्थायी रूप में लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इससे संबंधित क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम होगा और आपूर्ति में स्थिरता आएगी तथा उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

मंत्रालय ने कहा कि कुल चालीस वस्तुओं पर सीमा शुल्क में छूट दी गई है। इनमें मेथनॉल, अमोनिया, टोल्यून, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमेथेन और विनाइल क्लोराइड मोनोमर शामिल हैं।

**********************************************************************

विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने स्पष्ट किया है कि सभी उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर अनिवार्य नहीं हैं। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री लाल ने कहा कि यदि उपभोक्ता प्रीपेड स्मार्ट मीटर का विकल्प चुनते हैं, तो इससे न केवल उपभोक्ताओं को बल्कि राज्यों और बिजली कंपनियों को भी लाभ होगा।

***स्मार्ट मीटर के कारण से जो वहां गडबडें होती थी, उसे रोकने के कारण से पहली बार किया है जिसमें 26 सौ करोड़ रुपए का लाभ हुआ सभी 49 स्वीकृतियों को मिला करके। हम तो गाइड लाइन देते हैं, राज्य सरकारों का काम है। राज्य की सरकारें इसको लगाएं, ये हमारा आग्रह भी रहता है और उस आग्रह के कारण से इन कंपनियों का हमकों भी चिंता है ताकि सारे देश में बिजली ठीक से बने और ज्यादा से ज्यादा प्लांट्स जनरेशन को और उनका पेमेंट कर सके घाटा खत्म हो।***

**********************************************************************

करनाल शहर की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने अपने कार्यकाल का सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज आगामी चार वर्षों के लिए **महा विकास योजना** प्रस्तुत की।
मीडियाकर्मियों से संवाद के दौरान आगामी वर्षों के लिए प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि

निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपति कर वसूली में निर्धारित 27 करोड़ रुपए के लक्ष्य से आगे बढक़र 29 करोड़ 54 लाख रुपए की कर वसूली करके कीर्तिमान स्थापित किया है।
उन्होंने बताया कि करनाल को स्मार्ट, व्यवस्थित, अत्याधुनिक और सुविधाजनक शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए भविष्य का विज़न दस्तावेज तैयार किया गया है।
उन्होंने बताया कि करनाल में हर क्षेत्र और हर वर्ग में विकास को गति देने के लिए बहुआयामी परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत एक अप्रैल 2025 से इस वर्ष 31 मार्च तक की अवधि में शहर के समस्त वार्डों में 237 विकास कार्य करवाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि 91 करोड़ 54 लाख रुपए के बजट से शहर के विकास को अमली जामा पहनाया गया है।

************************************************************************

विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिढ़ा ने आज जींद में 5 अप्रैल को होने वाली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विकास रैली की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह रैली जींद के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री इस अवसर पर कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे।

डॉ. मिढा आज रैली स्थल पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कई बड़ी विकास परियोजनाओं की घोषणा भी करेंगे, जिससे क्षेत्र में तेजी से विकास होगा।

रैली की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डॉ. मिढा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के साथ कई बैठकें हो चुकी हैं। सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। उन्होने बताया कि रैली लगभग 8 एकड़ क्षेत्र में आयोजित की जाएगी।

************************************************************************

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौसम वैज्ञानिक डॉ मदनलाल खीचड़ ने बताया कि  आज रात एक पश्चिमी विक्षोभ के पहाड़ों की तरफ बढ़ने की संभावना है, जिसके आंशिक प्रभाव से कल रात से परसों तक हरियाणा के अधिकतर क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी और कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

************************************************************************

आज विश्व ऑटिज्म दिवस मनाया गया। ऑटिज्म एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है। इस बार विश्व ऑटिज्म डे का थीम "हर जिंदगी मूल्यवान" रखा गया है।

हरियाणा स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के महानिदेशक डॉ कुलदीप सिंह ने बताया -

उन्होंने इस रोग को लेकर बताया कि आसान भाषा में कहें तो इस बीमारी से जुड़े व्यक्ति का दिमागी विकास अन्य की तुलना में कम होता है। इसमें व्यक्ति के व्यवहार, सोचने-समझने की क्षमता दूसरों से अलग होती है। ऑटिज्म की बीमारी कम उम्र में ही देखने को मिल जाती है।

************************************************************************

आज हरियाणा , चंडीगढ़ और पंजाब में श्री हनुमान जयंती मनाई गई।  कुरुक्षेत्र में अनेक जगह भंडारे लगाए गए। कुरुक्षेत्र के पवित्र ब्रह्मसरोवर तट पर स्थित श्री दक्षिणमुखी प्राचीन हनुमान मंदिर हनुमान जी को 56 तरह का भोग लगाया गया।
फरीदाबाद शहर में भी हनुमान जयंती पर सुबह से ही प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिली, जहां लोगों ने बजरंगबली

के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ और सुंदरकांड का आयोजन किया गया।

************************************************************

**********

हरियाणा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में वस्तु सेवा कर से प्राप्त  राजस्व की वृद्धि दर के आधार पर देश के सभी राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई है, जबकि राष्ट्रीय औसत वृद्धि दर 6 प्रतिशत है।

हरियाणा का भुगतान के बाद सकल राज्य वस्तु सेवा कर संग्रह 48,289 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के संग्रह से 8,546 करोड़ रुपये अधिक है।

************************************************************

**********

चंडीगढ़ के उपायुक्त और रेड क्रॉस सोसाइटी के सह-अध्यक्ष निशांत कुमार यादव ने आज पी जी आई स्थित इंफोसिस रेड क्रॉस सराय, सेक्टर-17 स्थित रैन बसेरा तथा सेक्टर-11 स्थित करुणा सदन भवन सहित प्रमुख सार्वजनिक सुविधाओं के मरम्मत एवं रखरखाव कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।
समीक्षा बैठक में  बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।
जिनमें  इंफोसिस रेड क्रॉस सराय में व्यापक स्तर पर सफेदी और आवश्यक दीवारों की मरम्मत करवाना,सुरक्षा कैमरे, नए वाटर कूलर तथा ग्लो-साइन बोर्ड लगाना शामिल है।

************************************************************

**********